रणजीत टाइम्स
इंदौर
गुरुवार, 7 मई, 2026
वर्ष 02 | अंक 113 कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

# वंदे मातरम गीत को अब राष्ट्रगान जैसा दर्जा

● कैबिनेट की मंजूरी, जन-गण-मन से पहले गाया जाएगा ● अपमान करने या गायन में बाधा डालने पर सजा-जुर्माना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने वंदे मातरम को राष्ट्रगान 'जन गण मन' के समान दर्जा देने का फैसला किया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत के बाद पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की पहली बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। कैबिनेट के फैसले के अनुसार, बंकिम चंद्र चटर्जी रचित वंदे मातरम पर अब वही नियम और पाबंदियां लागू होंगी, जो वर्तमान में राष्ट्रगान पर लागू हैं। यानी इसके अपमान या गायन में बाधा डालने की स्थिति में सजा होगी। अभी राष्ट्रीय ध्वज, संविधान व राष्ट्रगान के अपमान पर जेल, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है, और अब वंदे मातरम भी इसमें शामिल किया जाएगा।




● **पहले 'राष्ट्रगीत' गाया जाएगा और उसके बाद 'राष्ट्रगान'**– अगर किसी कार्यक्रम में 'वंदे मातरम' और 'राष्ट्रगान' दोनों होने हैं, तो पहले 'वंदे मातरम' (राष्ट्रगीत) गाया जाएगा और उसके बाद 'राष्ट्रगान' दिशा-निर्देशों में आगे यह भी स्पष्ट किया गया है कि दर्शकों से अपेक्षा की जाती है कि वे सम्मान के प्रतीक के रूप में दोनों प्रदर्शनों के दौरान सावधान मुद्रा में खड़े रहें। गृह मंत्रालय ने स्कूल-कॉलेज और महत्वपूर्ण संस्थागत कार्यक्रमों के दौरान वंदे मातरम गाने को बढ़ावा देने का भी आग्रह किया है।

● **सिनेमा हॉल और फिल्म स्क्रीनिंग के लिए छूट**– साथ ही, मंत्रालय ने सिनेमा हॉल और फिल्म स्क्रीनिंग के लिए विशिष्ट छूट प्रदान की है। निर्देश के अनुसार, फिल्म के साउंडट्रैक के हिस्से के रूप में वंदे मातरम बजाए जाने पर दर्शकों को खड़े होने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि मनोरंजन स्थलों में दर्शकों को खड़े होने के लिए मजबूर करने से देखने का अनुभव बाधित हो सकता है और संभावित रूप से दर्शकों के बीच भ्रम पैदा हो सकता है। बजट सत्र के समापन पर संसद के दोनों सदनों में वंदे मातरम के सभी छह अंतरों का पाठ किया गया। पश्चिम बंगाल चुनाव के दौरान भाजपा ने वंदे मातरम को बंगाली अस्मिता और राष्ट्रवाद के प्रतीक के रूप में पेश किया था। पार्टी ने इसके 150 वर्ष पूरे होने पर राज्यभर में सामूहिक गायन और पदयात्राओं का आयोजन किया। साथ ही, बंकिम चंद्र चटर्जी की विरासत को भी चुनावी अभियान में प्रमुखता से उठाया गया।

### कानून में बदलाव और सजा का प्रावधान

सरकार वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के मौके पर यह बदलाव कर रही है। इसके लिए कानून की धारा 3 में संशोधन किया जाएगा। इस धारा के अनुसार, अगर कोई व्यक्ति जानबूझकर राष्ट्रगान गाने में बाधा डालता है या उसे रोकता है, तो उसे तीन साल तक की जेल या जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। दोबारा अपराध करने पर कम से कम एक साल की सजा का प्रावधान है। संशोधन के बाद यही नियम वंदे मातरम पर भी लागू होंगे।

### सरकार ने जारी की गाइडलाइन

केंद्र सरकार ने बुधवार को भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गायन के लिए आधिकारिक प्रोटोकॉल के लिए गाइडलाइन जारी की। गाइड लाइन के अनुसार, वंदे मातरम का संपूर्ण आधिकारिक वर्जन, जिसमें छह श्लोक हैं और जिसकी अवधि लगभग 3 मिनट है।

# सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा को आज हरी झंडी दिखाएंगे सीएम

### मध्यप्रदेश से पहली बार जा रहा 1100 श्रद्धालुओं का दल



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार, 7 मईको रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 1 से सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के प्रथम जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित यह गौरवशाली यात्रा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत निकाली जा रही है। भारत की सांस्कृतिक चेतना, आस्था और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व-2026 (8 से 11 जनवरी 2026) का शुभारंभ ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर से किया गया है। मध्यप्रदेश से पहली बार निकलने वाली इस विशेष यात्रा में प्रदेश के विभिन्न अंचलों से 1,100 श्रद्धालुओं का दल सम्मिलित होगा। यह रेलगाड़ी भोपाल और उज्जैन रेलवे स्टेशनों से भी तीर्थयात्रियों को अपने साथ लेकर सोमनाथ की ओर प्रस्थान करेगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालु सोमनाथ की पावन धरा पर आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, दर्शन और आध्यात्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता करेंगे। संचालक संस्कृति एनपी नामदेव ने बताया कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का उद्देश्य भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान, हजार वर्षों के संघर्ष और आस्था का स्मरण करना है।

# कपास पर ड्यूटी खत्म करने की कोशिश में एमपी सरकार

### बुरहानपुर में सीएम डॉ. मोहन ने उद्योगपतियों के सामने किया ऐलान

**भोपाल।** सीएम मोहन यादव ने बुरहानपुर में उद्योगपतियों के साथ संवाद में कहा है कि हमारी सरकार हर परिस्थिति में उद्योगपतियों के साथ खड़ी है। उन्होंने यह भी कहा कि कपास पर ड्यूटी खत्म करने का प्रयास राज्य सरकार कर रही है। मोहन यादव ने कहा कि हमारे उद्यमी फिनिक्स पक्षी की तरह हैं। जिस तरह फिनिक्स पक्षी मरने के बाद फिर जिंदा होकर ऊंची उड़ान भरता है, वैसे ही हमारे उद्योगपति भी संघर्ष-चुनौतियों का सामना कर नई उड़ान भरते हैं। मेरा मानना है कि अब ये उड़ान और ऊंची जाएगी।



**ऊंची उड़ान भरेंगे उद्योगपति**– सीएम ने कहा कि साल 2014 के बाद पीएम मोदी के कार्यकाल में देश ने इंडिया से भारत बनने की ऊंची छलांग लगाई है। विश्व के सामने भारत ताकत बनकर उभरा है। आज दुनिया के किसी भी देश की उन्नति में अगर किसी का योगदान है तो वह आप और हम में से किसी भारतीय का ही है। भारत के लोग उद्यमिता स्वावलंबिता रोजगारपरक बेहतर जीवन पद्धति के आधार पर चलते हैं। उन्होंने कहा कि यह सब एक फिनिक्स पक्षी की तरह है, जो कभी मरता नहीं। मरने के बाद फिर जिंदा होकर ऊंची उड़ान भरता है, वैसे ही हमारे उद्योगपति भी संघर्ष-चुनौतियों का सामना कर नई उड़ान भरते हैं।

# बंगाल में BJP भी चुनेगी महिला मुख्यमंत्री? इन नामों पर चर्चाएं तेज; 9 मई को है शपथ ग्रहण

पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 9 मई, शनिवार को होना है। हालांकि, अब तक साफ नहीं है कि राज्य में मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी किसे दी जाएगी, लेकिन अटकलें हैं कि भाजपा भी महिला सीएम चुन सकती है। अब तक पार्टी ने सीएम चेहरे के नाम का आधिकारिक ऐलान नहीं किया है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि ममता बनर्जी को लगातार दो बार हराने वाले शुभेंदु अधिकारी पद के प्रबल दावेदार हैं।

### महिलाएं हो सकती हैं सीएम पद की दावेदार

अग्निमित्रा पॉल-पश्चिम बंगाल की आसनसोल दक्षिण विधानसभा सीट से उम्मीदवार अग्निमित्रा पॉल ने तृणमूल कांग्रेस के तापस बनर्जी को 40,839 वोट से शिकस्त देकर अपनी सीट बरकरार रखी। निर्वाचन आयोग ने कहा कि पॉल को 1,19,582 वोट मिले जबकि बनर्जी को 78,743 वोट मिले। साल 2019 में भाजपा में शामिल होने के बाद वह पार्टी की महिला मोर्चा की प्रमुख बन गईं थीं। साल 2021 में उन्होंने पहली बार बंगाल विधानसभा चुनाव लड़ा और तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार सयोनी घोष को हरा दिया था। जनवरी 2026 में ही वह बंगाल भाजपा की उपाध्यक्ष बनी थीं। राजनीति में आने से पहले वह मशहूर फैशन डिजाइनर थीं। उन्होंने अपना ब्रांड Inga शुरू किया था।

रूपा गांगुली-गांगुली को भाजपा का दामन थामे करीब 10 साल होने को हैं। वह इस बार सोनारपुर दक्षिण सीट से मैदान में थीं, जहां उन्होंने टीएमसी प्रत्याशी अरुंधति मैत्रा को 35 हजार से ज्यादा मतों के अंतर से हराया है।

## नूतन धर्मशाला "राजेंद्र भवन" का हुआ खनन मुहूर्त

# विशिष्ट मंत्रोंच्चार के साथ लाभार्थी मेहता परिवार द्वारा चांदी की गेती लगाकर किया खनन मुहूर्त

**सलीम हुसैन**

झाबुआ - स्थानीय जैन तीर्थ श्री ऋषभदेव बावन जिनालय एवं दादावाड़ी के मध्य जगमोहन दास मार्ग स्थित नूतन धर्मशाला राजेंद्र भवन का खनन मुहूर्त बुधवार को पूज्य आचार्य भगवंत श्री सुयश सुरीश्वर जी महाराज साहेब एवं पूज्य साध्वी जी भगवंत श्री रत्नरेखा श्री जी महाराज साहेब आदि ठाणा की पावनकारी शुभ निश्रा में ज्योतिषविद विश्व भाई वोरा अहमदाबाद के द्वारा प्रदत्त शुभ मुहूर्त में सम्पन्न हुआ। श्री संघ के रिंकु रुनवाल ने बताया कि नूतन धर्मशाला के निर्माण कार्य को प्रारंभ करने के लिए पूज्य आचार्य भगवंत श्री सुयश सुरीश्वर जी महाराज साहेब एवं पूज्य साध्वी जी भगवंत श्री रत्नरेखा श्री जी महाराज साहेब की पावन निश्रा में इंदौर से पधारे विधिकारक श्री शैलेश जी शाह के द्वारा प्रातः 7 बजे श्री स्नात्र पूजन प्रारंभ हुई जिसमें श्री संघ के श्रावक श्राविकाओं द्वारा लाभ लिया गया, स्नात्र



पूजन के पश्चात उल्लास , उमंग जैन परिवार द्वारा नवग्रह पाटला पूजन प्रारंभ हुई, श्री संघ के तपस्वी निखिल भंडारी ,मनोज नाकोडा,रचित कटारिया, सुनील संघवी,दीपक मुथा,इंद्रसेन संघवी,अमित मेहता द्वारा दस दिगपाल की पूजन की गई एवं अष्ट मंगल पाटला पूजन श्री संघ के वरिष्ठ यशवन्त भंडारी, हस्तीमल संघवी, अशोक कोठारी मधुकर शाह ,राजेंद्र भंडारी हेमेंद्र संघवी,निशान शाह जयेश संघवी प्रतीक मुथा आदि के द्वारा लाभ लिया गया। 4 घंटे से अधिक इस विशिष्ट विधि विधान के बाद लाभार्थी श्रावकरत्न धर्मचन्दजी ज्ञानचंद जी मेहता परिवार द्वारा पूरी भूमि का विशिष्ट अष्ट द्रव्यों से पूजन किया गया साथ ही भूमि के क्षेत्रपाल देवता की पूजन कर स्थापना की गई पूजन के पश्चात पूज्य आचार्य भगवंत व साध्वी जी भगवंत द्वारा भूमि पर वाक्षेप किया गया एवं लाभार्थी मेहता परिवार के धर्मचंद मेहता, संजय मेहता, संस्कार मेहता राजेश मेहता सार्थक मेहता द्वारा चांदी की गेती लगाकर खनन मुहूर्त कर कार्य का शुभारंभ किया गया। भगवान की आरती रत्नदीप सकलेचा एवं अंकित कटारिया परिवार ने उतारी।

प्रवचन कार्यक्रम के अंतर्गत पूज्य आचार्य भगवंत ने प्रवचन देते हुए कहा कि तप करना उससे भी ज्यादा लाभ तप आराधना करवाना लेकिन उससे भी उत्कृष्ट पुण्य का बंध तपधर्म एवं शुभ कार्यों की अनुमोदना प्रशंसा करने से होता है क्योंकि आज के इस युग में सद कार्यों की अनुमोदना करना सबसे कठिन है, नव प्रकार से पुण्य का बंध होता है जिसे नवादा भक्ती भी कहते हैं। यह राजेंद्र भवन भी नवदा भक्ती के पुण्य का सेतु बनेगा ।

### कांबली अर्पण की गई

इस अवसर पर श्री संघ के सोहनलाल कोठारी अशोक कटारिया,प्रकाश कटारिया भारत बाबेल अनिल राठौर ,मुकेश लोढ़ा नरेंद्र संघवी, अनिल रुनवाल, पारस गांधी सुरेन्द्र सकलेचा मनोज मनोकामना द्वारा पूज्य आचार्य भगवंत एवं पूज्य साध्वी जी भगवंत को श्राविकाओं द्वारा बहुमान पूर्वक कांबली अर्पण की गई। पूज्य श्री ने श्री संघ के कार्यों की सराहना करते हुए सभी समाजजनों को खूब खूब आशीर्वाद प्रदान करते हुए मांगलिक श्रवण करवाई। कार्यक्रम के पश्चात केसरिया मोदक की प्रभावना वितरित की गई।

---

## नौकरी से निकाले जाने का बदला

# पूर्व कर्मचारी निकला 1.70 लाख की चोरी का मास्टरमाइंड

**इंदौर** | इंदौर के विजय नगर क्षेत्र में हुई 1.70 लाख की चोरी का पुलिस ने कुछ ही घंटों में खुलासा कर दिया। इस मामले में चौंकाने वाली बात सामने आई कि चोरी का मास्टरमाइंड कोई और नहीं बल्कि उसी ऑफिस का पूर्व कर्मचारी निकला, जिसे कुछ दिन पहले नौकरी से निकाल दिया गया था।

### क्या है पूरा मामला?

05 मई 2026 को फरियादी दीपक पिता बाबूलाल काले, निवासी पुष्प विहार एक्सटेंशन, ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके ऑफिस (स्कीम नंबर 112) से अज्ञात व्यक्ति द्वारा 1,70,000 की चोरी कर ली गई है। इस पर विजय नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### पुलिस की तेज कार्रवाई

पुलिस टीम ने करीब 150 से ज्यादा CCTV कैमरों की जांच की और संदिग्ध की पहचान की। साइबर सेल की मदद से आरोपी को पकड़ लिया गया। आरोपी की पहचान संजय पुत्र पूना राठौर (28 वर्ष), निवासी शांति नगर, खजराना, इंदौर के रूप में हुई।

### पूछताछ में बड़ा खुलासा

पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि वह पहले उसी ऑफिस में काम करता था। नौकरी से निकाले



जाने के बाद उसने बदला लेने की नीयत से चोरी की वारदात को अंजाम दिया।



बरामदगी-पुलिस ने आरोपी के पास से 1,50,000 नकद बरामद किए हैं। शेष 20,000 उसने खाने-पीने और वाहन सुधार में खर्च करना बताया।

पुलिस की अपील- विजय नगर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने संस्थानों में कर्मचारियों का रिकॉर्ड रखें और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

# निगमायुक्त सुश्री परिहार ने नगर के स्वीकृत एवं निर्माणाधीन विकास कार्यों की समीक्षा



**नवल किशोर कुशवाहा**

कटनी । नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने बुधवार प्रातः नगर निगम के माध्यम से संचालित विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों एवं समय सीमा में कार्यवाही हेतु चिन्हित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की।निगमायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को नगर के विभिन्न वार्डों में चल रहे सभी निर्माण एवं विकास कार्यों में तेजी लाते हुए समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने मैदानी अमले को लक्ष्य देकर उसके अनुरूप कार्य को पूर्ण कराए। इसके साथ ही सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास एवं निर्माण कार्यों में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी कार्यो की मॉनिटरिंग करें और स्वीकृत विकास कार्यों को जल्द से जल्द से पूर्ण कराएं। समीक्षा बैठक के दौरान कार्यपालन यंत्री असित खरे, सहायक यंत्री अनिल जायसवाल, सुनील सिंह, उपयंत्री पवन श्रीवास्तव, संजय मिश्रा, जयेन्द्र प्रताप सिंह बघेल, कार्यालय अधीक्षक नागेन्द्र पटेल सहित विभागीय लिपिकों की उपस्थिति रही। बैठक में नगर विकास हेतु नवीन स्वीकृत 396 कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान बताया गया कि कुल 111 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा शेष कार्य प्रगतिरत है। निगमायुक्त द्वारा अप्रारंभ कार्य, भुगतान एवं अनुबंध हेतु शेष कार्य सहित अनुबंध की कार्यवाही के उपरांत अप्रारंभ कार्यो की विस्तार से समीक्षा की जाकर सभी कार्यो में प्राथमिकता से कार्यवाही कर तय समय-सीमा में वर्षा ऋतु के पूर्व पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों दिए। निगमायुक्त ने वर्षा प्रारंभ होने के पूर्व मार्ग के गड्ढों की मरम्मत कराकर नागरिकों को सुगम आवागमन मुहैया कराने के भी निर्देश दिए। फिश पार्लर के निर्माण की समीक्षा के दौरान बताया गया कि पुरैनी स्थित फल मंडी के पास स्थल का चयन किया जाकर लेआउट आदि की कार्यवाही पूर्ण करा ली गई है। जिस पर निगमायुक्त द्वारा फिश पार्लर निर्माण की दिशा में शीघ्रता से कार्यवाही पूर्ण कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

# भोपाल मेट्रो पर नया विवाद

**कब्रिस्तानों के नीचे सुरंग पर आपत्ति; निर्माण रोकने की मांग**



भोपाल मेट्रो परियोजना एक बार फिर विवादों में घिर गई है। शहर में प्रस्तावित भूमिगत मार्ग को लेकर वक्फ संपत्तियों और प्राचीन कब्रिस्तानों पर आपत्ति दर्ज की गई है। मामला अब कानूनी स्तर तक पहुंच गया है, जहां वक्फ बोर्ड की कमेटी ने मध्य प्रदेश राज्य वक्फ अधिकरण में याचिका दायर कर निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

विवाद भोपाल टॉकीज क्षेत्र स्थित पुराने कब्रिस्तान और नारियलखेड़ा की वक्फ भूमि से जुड़ा है। कमेटी का कहना है कि इन स्थानों के नीचे से मेट्रो लाइन निकालने की योजना धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से संवेदनशील है। याचिका में दावा किया गया है कि इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में कब्रें मौजूद हैं और निर्माण से उनके अस्तित्व को खतरा हो सकता है।

# मध्य प्रदेश : भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के 11 जिलाध्यक्षों के नामों का ऐलान

**संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह टेकाम ने 11 जिलों के अध्यक्ष के नाम घोषित कर दिए हैं। इसमें सतना में लक्ष्मण रावत तो सिंगरौली में समर बहादुर सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है।**

अनुसूचित जनजाति और जाति आयोग में अध्यक्ष- सदस्यों की नियुक्ति के बाद अब मध्य प्रदेश में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्षों के नामों का ऐलान किया गया है। 5 मई 2026 को अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह तेकाम ने 11 मोर्चा जिला अध्यक्षों की घोषणा की है। यह नियुक्तियां भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और विधायक हेमंत खंडेलवाड की सहमति से की गई हैं। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के 11 जिलों के अध्यक्ष के नाम घोषित

- »» सागर में उमेश गौड़
- »» धार ग्रामीण में लाल सिंह वर्मन
- »» आगर में मोहन कटारा
- »» »» मऊगंज में राधा जयमनिया कोल
- »» निवाड़ी में मुन्ना लाल सौर
- »» टीकमगढ़ में सत्येंद्र सौर
- »» सतना में लक्ष्मण रावत
- »» सिंगरौली में समर बहादुर सिंह
- »» बुरहानपुर में तूफान सिंह चौहान




जबलपुर ग्रामीण में किशोर सिंह ठाकुर,आलीराजपुर में विक्रम भयडिया को जिम्मेदारी दी गई है। नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष आज करेंगे पदभार ग्रहण मध्य प्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष ओम जैन एवं मप्र महाराणा प्रताप कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष केशव सिंह भदौरिया ने मंगलवार को पदभार ग्रहण कर लिया है । मध्य प्रदेश वन विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष रामनिवास रावत, अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कैलाश जाटव. मध्य प्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष केपी यादव बुधवार (6 मई 2026) को पदभार संभालेंगे।

# आबकारी इंदौर की कार्यवाही

**आदित्य शर्मा**

इंदौर।कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर , श्रीमान शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर महोदय देवेश चतुर्वेदी,डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री धर्मेंद्र जोशी, श्री सी के साहू के नेतृत्व में दिनांक-06/05/2026 को वृत्त- बंबई बाजार के प्रभारी उप निरीक्षक मीरा सिंह की टीम के द्वारा शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। आज की कार्यवाही में दौराने गस्त शंका के आधार एक दोपहिया वाहन (HERO



SPLENDOR क्रमांक-MP 09 QQ 5929) पलसीकर चौराहे की बीच में दो बोरी में कुछ भरकर ले जा रहे रहे थे जिसको हमारे द्वारा रोका गया जिसमे तलाश करने में 24 केन बोल्ट बीयर एवं 50 पाव देशी मदिरा प्लेन बरामद हुआ (कुल 21 बल्क लीटर) मदिरा एवं वाहन का अनुमानित मूल्य 51400/- है। दो आरोपी पकड़े गए एक आरोपी का नाम सचिन पिता फतेशीह एवं दूसरे का नाम विष्णु पिता गोपाल पकड़ा गया जिनके ऊपर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)' क' का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया ।

आज की कार्यवाही में आरक्षक ,, मोहित कछवाय, कोमल कनेल, और ड्राइवर अमित का सराहनीय योगदान रहा। साथ ही दुकानों के आस पास धारा 36(ए) एवं 36(बी) के कुल 4 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए जिनकी कुल जप्ती 6.75 बल्क लीटर है जिनका अनुमानित मूल्य 13500/- रुपए है।

## पिता के पसीने से लिखी गई कामयाबी की इबारत, मुस्कान शेख अब 'बैटलग्राउंड' में दिखा रही हैं दम

शिवपुरी ब्यूरोः मध्य प्रदेश के शिवपुरी की गलियों से निकलकर सात समंदर पार देश का तिरंगा लहराने वाली मुस्कान शेख की कहानी हर उस व्यक्ति के लिए प्रेरणा है जो संसाधनों की कमी का रोना रोते हैं। मुस्कान की इस सफलता के पीछे उनके पिता दारा मोहम्मद खान की वर्षों की कड़ी मेहनत और त्याग छुपा है।

मजदूरी से गोल्ड मेडल तक का सफर- दारा मोहम्मद खान ने सालों तक दूसरों के यहाँ



गन्ने की मशीन पर काम कर अपने परिवार को संभाला। तंगहाली के बावजूद उन्होंने मुस्कान के सपनों से समझौता नहीं किया। खुद कोच बनकर बेटी को तराशा और नतीजा सबके सामने है-ऑस्ट्रेलिया में पावर लिफ्टिंग में 4 स्वर्ण पदक।

अब 'बैटलग्राउंड' में चुनौती- पावर लिफ्टिंग की दुनिया में लोहा मनवाने के बाद मुस्कान अब एक नए मंच पर सक्रिय हैं। 'बैटलग्राउंड सीजन 2' में शिवपुरी की यह जांबाज खिलाड़ी अपनी ताकत और तकनीक का प्रदर्शन कर रही है। उनके पिता आज भी उनके सबसे बड़े संबल बने हुए हैं। स्थानीय प्रशासन और खेल संघों ने मुस्कान की इस निरंतर सफलता की सराहना की है।

रणजीत टाइम्स

## पत्रकार विश्वामित्र अग्निहोत्री बने प्रदेश सेक्रेटरी, मिलीं बधाइयाँ




पत्रकार विश्वामित्र अग्निहोत्री जी को एंटी करप्शन एंड सोशल डेवलपमेंट काउंसिल में प्रदेश सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है। उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। बताया जा रहा है कि यह उपलब्धि उनके निरंतर परिश्रम, ईमानदारी और समाज के प्रति समर्पण का परिणाम है। सभी ने विश्वास जताया है कि वे अपने नए दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ करते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य करेंगे। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी ने उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होकर जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाएगा।

# सहजयोग में प्राण प्रतिष्ठा का गहरा अर्थ

## हमारे भीतर की यात्रा

प्राण प्रतिष्ठा का सामान्य अर्थ किसी मूर्ति या मंदिर में दिव्य शक्ति का आह्वान माना जाता है, लेकिन सहजयोग में इसका अर्थ इससे कहीं अधिक गहरा है। यहाँ प्राण प्रतिष्ठा का मतलब है-हमारे भीतर स्थित दिव्य चेतना का जागरण।



सहजयोग के अनुसार प्रत्येक मनुष्य के भीतर कुण्डलिनी शक्ति सुप्त अवस्था में विद्यमान रहती है। जब यह शक्ति जागृत होकर सहस्रार तक पहुँचती है, तब व्यक्ति आत्मसाक्षात्कार का अनुभव करता है। यही वास्तविक प्राण प्रतिष्ठा है-बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक स्थापना।

सहजयोग हमें सिखाता है कि मनुष्य का शरीर स्वयं एक मंदिर है। जब हमारे भीतर शांति, संतुलन, करुणा और प्रेम जागृत होते हैं, तब जीवन सच में प्रकाशित होने लगता है। केवल बाहरी पूजा या कर्मकांड पर्याप्त नहीं, भीतर की चेतना का जागना भी आवश्यक है। ध्यान और आत्मचिंतन के माध्यम से व्यक्ति धीरे-धीरे तनाव, भय और नकारात्मकता से मुक्त होने लगता है। उसके भीतर मौन और आनंद का अनुभव जन्म लेता है। यही भीतर की यात्रा मनुष्य को अपने वास्तविक स्वरूप के करीब ले जाती है। इस प्रकार सहजयोग में प्राण प्रतिष्ठा का अर्थ है- अपने भीतर परम चेतना को अनुभव करना और जीवन को आध्यात्मिक जागरूकता से भर देना। सहजयोग में प्राण प्रतिष्ठा किसी बाहरी कर्मकांड का अंत नहीं, बल्कि भीतर की यात्रा की शुरुआत है। यह वह क्षण है जब मनुष्य स्वयं को केवल शरीर और मन तक सीमित नहीं मानता, बल्कि अपने भीतर स्थित दिव्य चेतना को पहचानता है। जब भीतर का दीपक जलता है, तभी जीवन में वास्तविक प्रकाश आता है और शायद यही प्राण प्रतिष्ठा का सबसे गहरा अर्थ है-अपने भीतर परम चेतना को जागृत कर जीवन को सचमुच जीवंत बना देना। सहजयोग ध्यान पूर्णतः निःशुल्क है। सहजयोग की अधिक जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं।

### भव्य कलश यात्रा से गूंजा बड़ोदिया

# श्रद्धा और भक्ति के बीच पंच कुंडी तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ



**दिलीप पाटीदार**

सरदारपुर। बड़ोदिया क्षेत्र में धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक वातावरण के बीच पंच कुंडी तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ अत्यंत भव्य और श्रद्धामय तरीके से किया गया। आयोजन की शुरुआत बाल हनुमान मंदिर से ढोल बैंड बाजों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसने पूरे गांव को भक्ति और उत्साह के रंग में रंग दिया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्ग श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

सिर पर कलश धारण कर महिलाएं मंगल गीत गाते हुए गांव के प्रमुख मार्गों से होकर यज्ञ स्थल तक पहुंचीं। इस दौरान पूरे मार्ग को सजाया गया था और जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। वातावरण "गायत्री माता की जय" और वैदिक मंत्रोच्चार से गूंज उठा।

यज्ञ स्थल पर पहुंचने के बाद विधिवत पूजन-अर्चन कि गई तथा साथ ही कल से महायज्ञ की आहुति का शुभारंभ होगा। विद्वान आचार्यों के मार्गदर्शन में पंच कुंडीय यज्ञ में श्रद्धालुओं आहुति देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं कल्याण की कामना करेंगे। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह महायज्ञ तीन दिनों तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन प्रातः एवं सायंकालीन यज्ञ, प्रवचन, भजन-कीर्तन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम मे बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है। महायज्ञ के माध्यम से लोगों को न केवल धार्मिक आस्था से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों, संस्कारों और एकता का संदेश भी दिया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने में ग्रामवासियों एवं समिति के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# नवागत कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने ली जिला अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक



**दिलीप पाटीदार**

धार नवागत कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात आज कलेक्टर सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की पहली परिचयात्मक बैठक ली। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक चौधरी और अपर कलेक्टर श्री संजीव केशव पाण्डेय सहित सभी विभागों के जिला प्रमुख उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया । बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री मीना ने स्पष्ट किया कि शासन की प्राथमिकताएं ही प्रशासन की प्राथमिकताएं हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि समय-सीमा (TL) बैठकों में निर्धारित लक्ष्यों को तय समय के भीतर ही पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि शासन स्तर पर विभागीय सचिवों द्वारा नियमित समीक्षा की जाती है, इसलिए सभी अधिकारी अपनी विभागीय योजनाओं और शासन की अपेक्षाओं के अनुरूप अपनी स्थिति स्पष्ट रखें ताकि जिले की रैंकिंग बेहतर हो सके।

कलेक्टर ने अंतर्विभागीय समन्वय पर विशेष बल देते हुए कहा कि यदि किसी योजना के क्रियान्वयन में अन्य विभाग से संबंधित कोई समस्या आ रही है, तो उसे तत्काल बैठकों के माध्यम से सुलझाया जाए। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने विभाग की प्रमुख योजनाओं, चल रहे प्रोजेक्ट्स और वीसी (VC) में दिए गए निर्देशों की जानकारी उपलब्ध कराएं। इससे जिले के विकास कार्यों की मॉनिटरिंग और शासन स्तर पर बेहतर प्रस्तुतीकरण में मदद मिलेगी। जिले के बड़े प्रोजेक्ट्स का जिक्र करते हुए कलेक्टर ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर, औद्योगीकरण, पर्यटन और आगामी बड़े आयोजनों को लेकर प्रशासन पूरी तरह तैयार रहे। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह समझें ताकि जिले का प्रदर्शन हर क्षेत्र पर सकारात्मक बना रहे।





# कलेक्टर के निर्देश पर आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

# गंदगी मिलने पर दुकानें व अवैध ढाबे सील

आदित्य शर्मा

इंदौर कलेक्टर महोदय द्वारा स्वच्छता को लेकर दिए गए सख्त निर्देशों के बाद आज आबकारी विभाग द्वारा शहरभर में विशेष अभियान चलाया गया।

इस अभियान के तहत टीम गठित कर सभी मदिरा दुकानों पर सघन सफाई अभियान चलाया गया। निरीक्षण के दौरान जिन दुकानों के आसपास गंदगी पाई गई, उन पर तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित दुकानों को सील किया गया। साथ ही मदिरापान के मामलों में प्रकरण भी दर्ज किए गए। अवैध रूप से संचालित ढाबों पर भी सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें सील किया गया। यह कार्रवाई शहर के विभिन्न क्षेत्रों में की गई, जिनमें प्रमुख रूप से कल्याण मिल, मालवा मिल, गंगानगर, 140 नंबर, भमोरी, MR-11, कनाडिया, राजमोहल्ला, पलासिया, MR-10, परदेशीपुरा, राजेंद्र नगर तथा सब्जी मंडी क्षेत्र शामिल रहे। आबकारी विभाग की टीम द्वारा इन सभी क्षेत्रों में स्थित मदिरा दुकानों पर सफाई सुनिश्चित कराई गई और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की गई। अधिकारियों के अनुसार यह अभियान देर रात तक लगातार जारी रहेगा और आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि शहर में स्वच्छता और कानून व्यवस्था बनी रहे।





# नवागत कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने पदभार ग्रहण किया कार्यभार संभालने से पूर्व धारेश्वर मंदिर में की पूजा-अर्चना





दिलीप पाटीदार

धार धार जिले के नवागत कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना ने आज विधिवत अपना पदभार ग्रहण कर लिया है।

पदभार ग्रहण करने से पूर्व उन्होंने जिले के धारेश्वर मंदिर पहुँचकर भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने जिले की सुख-समृद्धि, खुशहाली और जन-कल्याण के लिए मंगल कामना की।

पदभार ग्रहण करने के पश्चात नवागत कलेक्टर श्री मीना कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुँचे। जहाँ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक चौधरी, अपर कलेक्टर श्री संजीव केशव पाण्डेय सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात कलेक्टर श्री मीना ने कलेक्ट्रेट परिसर के विभिन्न अनुभागों और कार्यालयों का भ्रमण कर अवलोकन किया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे ।

# शिवपुरी के पूर्व SP अमन सिंह राठौड़ अब इंदौर के नए DCP

ऋषि गोस्वामी

शिवपुरी/इंदौरः अपनी कार्यकुशलता और सख्त छवि के लिए पहचाने जाने वाले कर्मठ पुलिस अधिकारी अमन सिंह राठौड़ को राज्य शासन द्वारा एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिवपुरी में पुलिस अधीक्षक (SP) के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ने के बाद, अब राठौड़ इंदौर में पुलिस उपायुक्त (DCP) के पद पर अपनी सेवाएं देंगे।

मुख्य आकर्षणः सराहनीय कार्यकालः शिवपुरी में पदस्थापना के दौरान अमन सिंह राठौड़ ने कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

नई चुनौतीः इंदौर जैसे मेट्रोपॉलिटन शहर में सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन जैसी बड़ी चुनौतियों के बीच उनकी नियुक्ति को काफी अहम माना जा रहा है।

शुभकामनाओं का दौरः इस खबर के बाद शिवपुरी के स्थानीय नागरिकों और पुलिस महकमे में ख़ुशी की लहर है। सोशल मीडिया पर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई संदेशों का तांता लग गया है।



"शिवपुरी की जनता के बीच अपनी मिलनसार और न्यायप्रिय कार्यशैली के लिए प्रसिद्ध रहे श्री राठौड़ से इंदौर वासियों को भी काफी उम्मीदें हैं।"

# लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए लोक अदालत 9 को

## संपत्ति एवं जल कर के सरचार्ज में मिलेगी 100 प्रतिशत तक की छूट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 9 मई शनिवार को प्रदेश के समस्त जिला न्यायालय एवं तहसील के व्यवहार न्यायालयों में 'नेशनल लोक अदालत' का वृहद स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। नागरिकों के कल्याण और उन्हें आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। नेशनल लोक अदालत में नागरिकों को विशेष सुविधा प्रदान करते हुए संपत्ति कर, जल कर एवं अन्य उपभोक्ता कर के लंबित प्रकरणों में देय अधिभार (सरचार्ज) पर 100 प्रतिशत तक की अभूतपूर्व छूट प्रदान की जा रही है। योजना के प्रावधानों के अंतर्गत 50 हजार रुपये तक के संपत्ति कर और 10 हजार रुपये तक के जल कर की बकाया राशि वाले प्रकरणों में सरचार्ज पूर्णतः माफ किया जाएगा। इससे अधिक की बकाया राशि होने पर निर्धारित स्लैब के अनुरूप सरचार्ज में 25 से 75 प्रतिशत तक की रियायत का प्रावधान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 तक की बकाया राशि पर यह विशेष छूट वन टाइम सेटलमेंट के रूप में देय होगी। इस योजना का लाभ प्राप्त करने वाले नागरिकों को छूट के उपरांत शेष राशि अधिकतम दो आसान किश्तों में जमा करने की सुविधाजनक व्यवस्था प्रदान की गई है, जिसके अंतर्गत कम से कम 50 प्रतिशत राशि लोक अदालत के दिन ही जमा करना अनिवार्य होगा। राज्य शासन ने प्रदेश के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस नेशनल लोक अदालत में सहभागिता कर अपने लंबित प्रकरणों का निराकरण करवाएं और शासन द्वारा प्रदाय की जा रही इस विशेष छूट का अधिकतम लाभ उठाएं। लोक अदालत के माध्यम से नगरीय निकायों के लंबित प्रकरणों का त्वरित एवं सुलभ निराकरण किया जाएगा, जिससे आमजनों को व्यापक राहत मिलेगी। शासन की इस जन-कल्याणकारी पहल से नागरिकों को न केवल करों के भारी बोझ से मुक्ति प्राप्त होगी, बल्कि इसके फलस्वरूप नगरीय निकायों को भी एकमुश्त राजस्व की प्राप्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

### उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल से एम्स भोपाल के प्रतिनिधिमंडल ने की भेंट

# प्रदेश में ऑर्गन ट्रांसप्लांट गतिविधियों के सुदृढ़ीकरण पर हुआ विमर्श



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल से मंत्रालय में एम्स भोपाल के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट कर प्रदेश में ऑर्गन ट्रांसप्लांट गतिविधियों के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में ऑर्गन ट्रांसप्लांट गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार सतत प्रयास कर रही है। ऑर्गन डोनर्स को 'गार्ड ऑफ ऑनर' प्रदान कर तथा उनके परिजनों को 26 जनवरी एवं 15 अगस्त के अवसर पर सार्वजनिक रूप से सम्मानित कर प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऑर्गन डोनेशन से हम कई जिंदगियों में आशा का नया प्रकाश ला सकते हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि आमजन में ऑर्गन डोनेशन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए निरंतर जन-जागरूकता अभियान, कार्यशालाएँ एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे अधिक से अधिक लोग इस पुनीत कार्य से जुड़ सकें। राज्य सरकार ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन के क्षेत्र में एम्स के तकनीकी सहयोग एवं सुझावों का स्वागत करती है। उन्होंने एम्स द्वारा अब तक किए गए ऑर्गन ट्रांसप्लांट सेवाओं एवं जागरूकता गतिविधियों की सराहना भी की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निदेशक प्रो. डॉ. मधाबानंद कर सहित समस्त प्रतिनिधिमंडल को सम्मानित किया। बैठक में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत किडनी ट्रांसप्लांट पैकेज में वृद्धि करने और हार्ट एवं लंग ट्रांसप्लांट को शामिल करने के विषय पर चर्चा हुई। साथ ही प्रत्यारोपण सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने की संभावनाओं पर भी विचार किया गया। अंग प्राप्ति प्रक्रिया को और प्रभावी बनाने के लिए संभावित ब्रेन-डेड डोनर्स की समय पर पहचान एवं त्वरित रेफरल प्रणाली को मजबूत करने पर तकनीकी सहयोग के विषयों पर विमर्श किया गया। इस दिशा में प्रदेश के शासकीय अस्पतालों एवं मेडिकल कॉलेजों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने हेतु एक साझा डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित करने का सुझाव भी रखा गया, जिससे अंग प्राप्ति एवं प्रत्यारोपण की प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित हो सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि अंग प्रत्यारोपण प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने एवं जागरूकता गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्राप्त सुझावों पर शीघ्र यथोचित कार्यवाही की जाएगी। बैठक में प्रत्यारोपण सर्जरी में आधुनिक तकनीकों, विशेष रूप से रोबोटिक सर्जरी के विस्तार पर भी चर्चा हुई, जिससे उपचार की गुणवत्ता और सफलता दर में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। एम्स की टीम ने हार्ट ट्रांसप्लांट, किडनी ट्रांसप्लांट में अब तक की गई प्रगति, लंग ट्रांसप्लांट सेवाओं के विस्तार तथा अन्य तकनीकी पहलुओं की जानकारी प्रस्तुत की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने राज्य सरकार की ओर से इन सेवाओं के विस्तार हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। बैठक में एम्स के निदेशक प्रो. डॉ. मधाबानंद कर डिप्टी डायरेक्टर श्री संदेश कुंअर जैन, चिकित्सा अधीक्षक डॉ विकास गुप्ता सहित ऑर्गन ट्रांसप्लांट टीम के सदस्य उपस्थित थे।

# हवा सुधारनी थी और बना दिया कचरा स्टेशन

- भोपाल में प्रदूषण कम करने के करोड़ों रुपये कचरा और बागवानी में फूंके

**भोपाल।** झीलों के शहर भोपाल की फिजा में घुले जहर को कम करने के लिए केंद्र सरकार ने करोड़ों रुपये का बजट भेजा, लेकिन भोपाल नगर निगम (BMC) ने इसे ऐसी जगहों पर लगा दिया जिनका प्रदूषण से सीधा वास्ता ही नहीं है। नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (NCAP) के तहत मिले फंड के 'दुरुपयोग' पर अब भोपाल सिटीजंस फोरम और BMC के बीच नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (NGT) में ठन गई है। भोपाल उन 'नॉन-अटेनमेंट' शहरों में शामिल है जहां पिछले 5 सालों से हवा की क्वालिटी नेशनल स्टैंडर्ड से नीचे है। प्रदूषण रोकने के लिए NCAP फंड दिया गया था। जब NGT ने खर्चे का हिसाब मांगा, तो निगम की रिपोर्ट देख सब हैरान रह गए। नगर निगम का कहना है कि उन्होंने कचरा कलेक्शन स्टेशन बनाए, आदमपुर डंप साइट पर पुराने कचरे का निपटारा किया और कचरे के बैग खरीदे। निगम के मुताबिक ये काम सीधे नहीं तो 'अप्रत्यक्ष' रूप से प्रदूषण कम करने में मदद करते हैं।



### फोरम के वकील ने उड़ाई धज्जियां

सिटीजंस फोरम के वकील हरप्रीत सिंह गुप्ता ने कोर्ट में निगम की रिपोर्ट की धज्जियां उड़ाते हुए कहा कि ;गार्डन की मरम्मत करना या कचरा बैग खरीदना NCAP के नियमों के खिलाफ है। ये पैसे हवा साफ करने के लिए थे, न कि निगम के रोजमर्रा के साफ-सफाई के कामों के लिए। फंड को उन कामों में बर्बाद किया गया जिनका एयर क्वालिटी से कोई लेना-देना नहीं है। हैरानी की बात यह है कि निगम ने अपनी रिपोर्ट में यह तक कह दिया कि उसका मुख्य काम तो केवल सफाई और कचरा प्रबंधन है। प्रदूषण कम करना एक मल्टी-सेक्टर काम है, यानी निगम केवल अपनी हद तक ही जिम्मेदार है। अब सबकी नजरें NGT के अगले कदम पर हैं। क्या साफ हवा के नाम पर हुए इस कथित फिजूलखर्ची पर कोर्ट निगम पर डंडा चलाएगा?

# 10 मई को आर्ट ऑफ लिविंग केंद्र पहुंचेंगे प्रधानमंत्री, ध्यान मंदिर का उद्घाटन करेंगे

प्रधानमंत्री Narendra Modi 10 मई को Art of Living Foundation के अंतरराष्ट्रीय केंद्र का दौरा करेंगे। इस अवसर पर वे वहां निर्मित 'ध्यान मंदिर' का उद्घाटन करेंगे और कई सेवा पहलों की शुरुआत भी करेंगे। यह कार्यक्रम संस्था की 45वीं वर्षगांठ और संस्थापक Sri Sri Ravi Shankar के 70वें जन्मदिन के मौके पर आयोजित किया जा रहा है। आयोजन को खास बनाने के लिए देश-विदेश से बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। इससे पहले मार्च में Pushkar Singh Dhami ऋषिकेश स्थित केंद्र पहुंचे थे, जहां उन्होंने श्री श्री रवि शंकर से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान सामाजिक सद्भाव, आध्यात्मिक जागरूकता और समाज में सकारात्मक ऊर्जा फैलाने जैसे विषयों पर चर्चा हुई थी। श्री श्री रवि शंकर ने उत्तराखंड की आध्यात्मिक विरासत को विशेष बताते हुए कहा कि इसे और मजबूत बनाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। वहीं मुख्यमंत्री ने भी संतों और आध्यात्मिक गुरुओं के मार्गदर्शन को समाज और युवाओं के लिए महत्वपूर्ण बताया।

गोंडा रैंकिंग टूर्नामेंट से पहले

# विनेश को झटका

## डोप टेस्ट न कराने पर नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** गोंडा में होने वाले नेशनल ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट से पहले पहलवान विनेश फोगाट को अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने 18 दिसंबर 2025 को प्रतियोगिता से इतर हुए डोपिंग परीक्षण के लिए मौजूद नहीं रहने के मामले में नोटिस भेजा है। पिछले 12 महीनों में यह पहली बार है जब उन्होंने रहने के स्थान संबंधी नियम का उल्लंघन किया है। चार मई 2026 को भेजे गए पत्र में आईटीए ने विनेश को बताया कि 19 जनवरी 2026 को उनके द्वारा दी गई सफाई की समीक्षा करने के बाद छूटे हुए परीक्षण को औपचारिक रूप से रिकॉर्ड कर लिया गया है।

इस नोटिस में पांच जनवरी 2026 को भेजे गए एक पिछले पत्र का भी जिक्र है, जिसमें परीक्षण के लिए मौजूद नहीं रहने की बात उठाई गई थी और विनेश से इस पर जवाब मांगा गया था। यह नोटिस डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन नहीं माना जाता, लेकिन यह रहने के स्थान संबंधी नियम के तहत एक चेतावनी के तौर पर दिया जाता है। इस नियम का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि खिलाड़ी हर समय अचानक होने वाले डोपिंग परीक्षण के लिए उपलब्ध रहें।

- **विनेश अपने रहने के स्थान को अपडेट करने में नाकाम रहीं-** वह बेंगलुरु से चंडीगढ़ गई थीं, जिससे उनका नियमित रूटीन बिगड़ गया था। एजेंसी ने यह भी ध्यान में रखा कि हाल ही में उनके घर बच्चा हुआ था, जिससे उनकी निजी जिम्मेदारियां और बढ़ गई थीं। परीक्षण के दौरान विनेश ने कथित तौर पर पूरा सहयोग किया और डीसीओ को बताया कि वह बैठकों के सिलसिले में चंडीगढ़ में मौजूद हैं। हालांकि, आईटीए ने यह फैसला दिया कि अपना कार्यक्रम बदलने के बावजूद विनेश समय पर अपने रहने के स्थान को अपडेट करने में नाकाम रहीं। इसमें बताया गया कि खिलाड़ियों को किसी भी बदलाव के बाद 'जितनी जल्दी हो सके' अपनी जानकारी अपडेट करनी होती है और किसी भी हाल में तय 60 मिनट के समय से पहले।



### विनेश के पास 7 दिन का समय

आखिर में यह फैसला सुनाया गया कि इस छूटे हुए परीक्षण को रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा। आईटीए ने साफ किया कि 12 महीने के अंदर विनेश के साथ स्थान की जानकारी नहीं देने का यह पहला मामला है। विनेश को चार मई से सात दिन का समय दिया गया है कि अगर उन्हें ऐसा लगता है कि यह परीक्षण उनकी लापरवाही की वजह से नहीं छूटा था तो वह इस फैसले पर दोबारा विचार करने की अपील कर सकती हैं।

### नोटिस में क्या कहा गया

एजेंसी ने कहा कि विनेश ने 18 दिसंबर को या उससे पहले अपने स्थान को बदलने के लिए एसएमएस, ईमेल या मोबाइल ऐप जैसे दूसरे तरीकों का इस्तेमाल नहीं किया। नोटिस में कहा गया, 'ऊपर बताई गई बातों को देखते हुए आईटीए का मानना ??है कि आप यह साबित नहीं कर पाईं कि आपकी तरफ से इस चूक में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं हुई या इसमें आपकी कोई भूमिका नहीं थी।'

### दो साल तक का प्रतिबंध लग सकता है

यूनाइटेड विश्व रेस्लिंग और विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार एक साल के भीतर तीन बार परीक्षण के लिए मौजूद नहीं रहने या अपने रहने के स्थान की जानकारी देने में चूक होने पर इसे डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन माना जाता है। ऐसा होने पर खिलाड़ी पर दो साल तक का प्रतिबंध लग सकता है।

### घटना 18 दिसंबर 2025 की

आईटीए ने बताया कि यह घटना 18 दिसंबर 2025 को हुई थी। उस दिन एक डोपिंग नियंत्रण अधिकारी विनेश के लिए तय किए गए 60 मिनट के परीक्षण समय के दौरान उन्हें उनके बताए गए स्थान पर नहीं पाया था। डोपिंग रोधी नियमों के तहत 'पंजीकृत परीक्षण पूल' में शामिल खिलाड़ियों को हर दिन सुबह छह बजे से रात 11 बजे के बीच एक घंटे का ऐसा समय बताना होता है जिस दौरान वे बिना किसी पूर्व सूचना के होने वाले डोपिंग परीक्षण के लिए उपलब्ध रहें। हालांकि, आईटीए ने माना कि उस दिन विनेश हरियाणा विधानसभा के पहले शीतकालीन सत्र में हिस्सा ले रही थीं।

### विनेश ने संन्यास लिया वापस

अगर वह ऐसा नहीं करतीं तो यह फैसला आखिरी माना जाएगा। यह घटनाक्रम विनेश के उस ऐलान के कुछ महीनों बाद सामने आया है जिसमें उन्होंने दिसंबर 2025 में प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी की बात कही थी। इससे पहले 2024 पेरिस ओलंपिक के बाद उन्होंने संन्यास ले लिया था। पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग के फाइनल में अधिक वजन होने की वजह से उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया था। इसके बाद उन्होंने आरटीपी में दोबारा पंजीकरण करवाया।

### नेशनल ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में लेंगी हिस्सा

यह एक ऐसा ग्रुप है जो खास तौर पर उन बेहतरीन खिलाड़ियों के लिए बनाया गया है जिन्हें प्रतियोगिता से बाहर भी सख्त डोपिंग परीक्षण से गुजरना पड़ता है। गोंडा में होने वाला नेशनल ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट विनेश की वापसी का पहला टूर्नामेंट है। उन्होंने डब्ल्यूएफआई पर आरोप लगाया था कि वह उन्हें इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने से रोक रहा है। बाद में उन्हें यह भी डर सताने लगा था कि कहीं रेफरी उनके साथ भेदभाव नहीं करें।

### आईटीए के बारे में जानें

डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय सिंह ने इस ओलंपियन को सुरक्षा और मुकाबले में हिस्सा लेने का पूरा-पूरा मौका देने का भरोसा दिलाया। आईटीए वह संस्था है जो ओलंपिक और दुनिया की दूसरी बड़ी खेल प्रतियोगिताओं में डोपिंग रोधी कार्यक्रमों का संचालन करती है। लुसाने में स्थित आईटीए लगभग 50 अंतरराष्ट्रीय खेल महासंघों के डोपिंग रोधी कार्यक्रमों का भी संचालन करती है।

# तरबूज के साथ भूलकर भी नहीं खानी चाहिए ये चीजें, नहीं तो हो सकता है नुकसान

गर्मियों के मौसम में तरबूज सभी का पसंदीदा फ्रूट बन जाता है. ये शरीर को ठंडक देता है और पानी की कमी को भी दूर करने में मदद करता है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि तरबूज को कुछ चीजों के साथ खाने से फायदा होने की बजाय नुकसान भी हो सकता है? अक्सर लोग बिना सोचे-समझे इसे किसी भी समय और किसी भी खाने के साथ खा लेते हैं, जो पेट से जुड़ी परेशानियों की वजह बन सकता है. जी हां, ऐसे में ये जानना बेहद जरूरू है कि, हमें किन चीजों के साथ तरबूज नहीं खाना चाहिए. दूध के साथ तरबूज आयुर्वेद एक्सपर्ट डॉक्टर किरण गुप्ता बताती हैं कि तरबूज को भूलकर भी दूध के साथ नहीं खाना चाहिए. क्योंकि तरबूज बहुत जल्दी पचने वाला फल है. वहीं दूध को पचने में समय लगता है. ऐसे में अगर आप दोनों को एक साथ खाते हैं को पाचन क्रिया पर असर पड़ता है. इससे गैस, एसिडिटी और पेट में भारीपन महसूस हो सकता है.

### दही के साथ तरबूज

एक्सपर्ट के मुताबिक, दही और तरबूज को साथ में खाना भी नुकसानदायक हो सकता है. दही और तरबूज को एक साथ खाने से भी पेट पर बुरा असर पड़ सकता है. यह संयोजन शरीर में ठंडा-गर्म असंतुलन पैदा करता है, जिससे सर्दी-खांसी, गले में खराश या पाचन संबंधी परेशानी हो सकती है. खासकर जिनका पाचन कमजोर है, उन्हें इससे बचना चाहिए।

### भारी तला-भुना खाना

भारी तला-भुना खाना और तरबूज का कॉम्बिनेशन भी हेल्थ के लिए अच्छा नहीं माना जाता है.

# शाही मखनिया से केसरिया स्वाद तक...

गर्मियों में पिएं ये 5 तरह की स्वादिष्ट लस्सी

### केसरिया लस्सी...

जैसा इसका नाम है ठीक वैसे ही इसमें केसरिया स्वाद है यानी इस लस्सी में केसर का फ्लेवर होता है. 1 बड़ा कप फ्रेश दही लें और इसमें 2-3 चम्मच चीनी, 1 चौथाई चम्मच इलायची पाउडर 7-8 केसर के धागे डालकर ब्लेंड कर लें. जब मिश्रण क्रीमी हो जाए तो इसे गिलास में निकालें. ऊपर से गुनगुने दूध में भिगोकर रखे गए केसर के 3-4 धागों से गार्निश करें और पिस्ता, कटे हुए बादाम से गार्निश करें.

### आम की लस्सी...

गर्मी में जब आम का सीजन आता है तो सादा लस्सी में मैंगो एज कर दिया जाता है और ये बन जाती है फ्लेवर फुल आम की मिठास से भरपूर मैंगो लस्सी. 1 कप ठंड दही में 1 बड़े आम का पल्प मिलाएं. इसमें स्वाद के मुताबिक चीनी डालें और चिकना होने तक ब्लेंड कर लें. जरूरत पड़े तो थोड़ा सा पानी एड करें. ऊपर से कटे हुए आम, पिस्ता की कतरन से गार्निश करके सर्व करें.

### पेड़ा लस्सी...

मथुरा और अमृतसर जैसी जगहों पर पेड़ा लस्सी मिलती है, यानी इसमें खोया का पेड़ा डाला जाता है. दही को पेड़ा के साथ ब्लेंड करते हैं, जरूरत के मुताबिक थोड़ा सा पानी और थोड़ी सी चीनी डालते हैं.

रणजीत टाइम्स
इंदौर, गुरुवार 7 मई 2026


# राहुल गांधी का भारतीय जनता पार्टी पर तंज, कहा-वोट चोरी से सीटें चुराई जाती हैं...

**नई दिल्ली , एजेंसी।** चार राज्यों सहित एक केंद्र शासित प्रदेश में चुनावी परिणाम के बाद विपक्ष लगातार भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगा रहा है। वहीं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगाया है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'वोट चोरी से कभी सीटें चुराई जाती हैं, कभी पूरी सरकार। लोकसभा के 240 भाजपा सांसदों में से, मोटे तौर पर हर छठा सांसद वोट चोरी से जीता है। पहचानना मुश्किल नहीं- क्या उन्हें भाजपा की भाषा में 'घुसपैठिए' कहें? और हरियाणा, वहां तो पूरी सरकार ही 'घुसपैठिया' है।' उन्होंने लिखा कि जो संस्थाएं अपनी जेब में रखते हैं, जो मतदाता सूचियों और चुनावी प्रक्रिया को तोड़-मरोड़ देते हैं- वो खुद रिमोट से नियंत्रित हैं। उन्हें असली डर सच्चाई का है। क्योंकि निष्पक्ष चुनाव हो जाएं, तो आज ये 140 के पास भी नहीं जीत सकते।

राहुल गांधी ने कहा कि वोट चोरी से कभी सीटें चुराई जाती हैं, कभी पूरी सरकार। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव प्रक्रिया में

## कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा



गड़बड़ी होती है और अगर चुनाव पूरी तरह साफ-सुथरे हों तो नतीजे अलग हो सकते हैं।

वहीं, इससे पहले चुनावी नतीजों के बीच लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े किए थे। उन्होंने केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि असम और पश्चिम बंगाल में चुनाव 'चोरी' किए गए हैं।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा था कि असम और पश्चिम बंगाल ऐसे स्पष्ट उदाहरण हैं, जहां भाजपा ने चुनाव आयोग के समर्थन से चुनाव चुराया है। हम सीएम ममता बनर्जी से सहमत हैं। पश्चिम बंगाल में 100 से ज्यादा सीटें चुराई गईं। हमने पहले भी मध्य प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र और 2024 के लोकसभा चुनाव में यह तरीका देखा है।

राहुल गांधी ने आगे कहा कि चुनाव चोरी, संस्था चोरी- अब और चारा ही क्या है।

इससे पहले, टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने भी भाजपा और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने 100 से ज्यादा सीटें लूट लीं। चुनाव आयोग भाजपा का आयोग बन गया है। आपको लगता है कि यह जीत है? यह एक अनैतिक जीत है। चुनाव आयोग ने जो कुछ भी किया, वह पूरी तरह से गैर-कानूनी और लूट है।

# दिल्ली में प्रदूषण कम करने की बड़ी पहल, इस महीने से एमसीडी फ्री करेगी शवदाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में वायु प्रदूषण को कम करने और पर्यावरण अनुकुल अंतिम संस्कार को बढ़ावा देने के लिए जून से इलेक्ट्रिक और सीएनजी आधारित शवदाह निश्शुल्क कर देगा। इसके लिए एमसीडी ने पूर्व में ही प्रस्ताव पारित कर दिया है।

निगम के अनुसार 33 श्मशान घाटों व शवदाह गृहों के संचालन की जिम्मेदारी स्वयंसेवी संस्थाओं को सौंपने की प्रक्रिया चल रही है। जून में यह प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसके साथ ही इलेक्ट्रिक और सीएनजी आधारित अंतिम संस्कार निश्शुल्क शुरू हो जाएगा। निगम अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में वायु प्रदूषण की बढ़ती समस्या को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इसलिए शुरुआती तौर पर दो वर्ष के लिए यह सेवा दी जाएगी। हालांकि इलेक्ट्रिक और सीएनजी शवदाह संचालन की मशीनों पर मरम्मत के आने वाले खर्च के लिए एमसीडी प्रति संस्कार एनजीओं को 500 रुपये की मदद देगी। उन्होंने बताया क इससे प्रति संस्कार करीब 700 किलो लकड़ी भी बचेगी। साथ ही इसके जलने से होने वाले धुंए का उत्सर्जन भी कम होगा। अधिकारी ने आगे बताया कि वर्तमान में सराय काले खां, रोहिणी सेक्टर-26 (कैवल्य धाम), द्वारका सेक्टर-24, ग्रीन पार्क, कड़कड़डूमा, गाजीपुर, सुभाष नगर, पंजाबी बाग और हस्तसाल समेत नौ स्थानों पर सीएनजी आधारित दाह संस्कार की सुविधा उपलब्ध है। अधिकारी ने बताया कि जल्द ही नवनिर्मित सराय काले खां श्मशान घाट का भी संचालन शुरू होगा। यहां एक सीएनजी और दो इलेक्ट्रिक भट्टियां पहले से मौजूद है। जबकि 22 पारंपरिक चिताएं हैं। इस नवनिर्मित श्मशान घाट के जीर्णोद्धार और सुंदरीकरण का कार्य पूरा हो चुका है। जहां पर लोगों के बैठने की सुविधा का विस्तार किया गया है।



# अब कैसे करेंगे डिपॉजिट और विड्रॉल? बदल गए पोस्ट ऑफिस के दो नियम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आपका भी डाकघर (पोस्ट ऑफिस) में खाता है या फिर पोस्ट ऑफिस की स्कीम में इन्वेस्टमेंट करते हैं तो इसके कुछ नियमों में बदलाव किया गया है। यह बदलाव आयकर नियम, 2026 के तहत किया गया है। अब किसी भी वित्तीय लेन-देन के लिए पैन कार्ड जरूरी कर दिया है। इसका मतलब है कि अब बिना पैन कार्ड के डिपॉजिट और विड्रॉल नहीं किया जा सकता। इसके अलावा एक फॉर्म को लेकर भी बदलाव किया गया है। नए आयकर नियम, 2026 के तहत पोस्ट ऑफिस और आईपीपीबी में पैन कार्ड अनिवार्य कर दिया गया है। फिर चाहते खाता खोलना हो, पैसा जमा करना हो, पैसा निकालना हो या फिर एफडी और निवेश करना हो। इन सभी कामों के लिए पैन कार्ड जरूरी हो गया है। दरअसल, सरकार का उद्देश्य है कि इससे पारदर्शिता बढ़ेगी, बढ़े लेन-देन पर नजर बनी रहेगी और टैक्स की चोरी रोकना है। अगर आपके पास पैन कार्ड नहीं है तो आपको अब फॉर्म 97 भरना होगा। साथ में पहचान और ट्रांजैक्शन डिटेल देनी होगी। इसके साथ ही एक और बड़ा बदलाव किया गया है। वह ये है कि फॉर्म 15जी और 15एच अब मिलाकर फॉर्म 121 कर दिया गया है।

# पश्चिम बंगाल में हिंसा को लेकर चुनाव आयोग सख्त, कार्रवाई के दिए आदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में भाजपा की शानदार जीत के बाद राज्य में हिंसा और तोड़फोड़ में शामिल लोगों के खिलाफ मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। चीफ इलेक्शन कमिश्नर ने पश्चिम बंगाल के चीफ सेक्रेटरी, डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस कोलकाता पुलिस कमिश्नर और सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेज के डायरेक्टर जनरल के साथ-साथ सभी डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट, सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस और पुलिस अधिकारियों को लगातार पेट्रोलिंग करने का आदेश दिया।



चुनाव आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि चुनाव के बाद होने वाली हिंसा को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अशांति फैलाने वालों के खिलाफ तत्काल गिरफ्तारी सहित त्वरित कार्रवाई करें। इसका उद्देश्य स्थिति को नियंत्रण में लाना और आगे की झड़पों को रोकना है। चुनाव परिणाम आने के बाद से राज्य के कई हिस्सों से हिंसा की खबरें आई हैं। कोलकाता के न्यू टाउन इलाके में जीत के जश्न से जुड़ी झड़पों के दौरान कथित तौर पर एक भाजपा कार्यकर्ता की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।

# राज्यसभा सीटों पर छिड़ी जंग, केजरीवाल का ऐलान- भाजपा से लेंगे चुन-चुन कर बदला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर पंजाब की जनता की राज्यसभा सीटों को हड़पने का आरोप लगाया। यह आरोप तब लगाया गया जब आम आदमी पार्टी के सात सांसदों ने भाजपा में शामिल हो गए। केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी आगामी फरवरी चुनावों में इस कथित लूट का बदला लेगी। राजधानी में अपने पार्टी सदस्यों को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि सात लोग जो आम आदमी पार्टी छोड़कर चले गए हैं, भाजपा ने चोरी की है। ये छह राज्यसभा सीटें पंजाब की जनता की थीं। भाजपा ने उन्हें लूट लिया है। हम अगले साल फरवरी में इसका बदला लेंगे।

उनकी ये टिप्पणी भाजपा सांसद राघव चड्ढा के उन आरोपों के जवाब में आई है, जिनमें उन्होंने पंजाब सरकार पर आम आदमी पार्टी के उन पूर्व सांसदों को निशाना बनाने का आरोप लगाया था, जिन्होंने पाला बदलकर भाजपा में शामिल हो गए थे। चड्ढा ने इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर पंजाब सरकार पर



सांसदों को डराने-धमकाने और उनके संवैधानिक अधिकारों का प्रयोग करने पर उन्हें निशाना बनाने के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया था।

एक्स पर साझा की गई एक पोस्ट में चड्ढा ने दावा किया कि पंजाब में आप सरकार ने सतर्कता बोर्ड और प्रदूषण बोर्ड का इस्तेमाल करके 'बदले का खतरनाक खेल' खेला है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पंजाब सरकार के फंड का इस्तेमाल करके सरकारी एजेंसियों को सोशल मीडिया पर उन्हें और अन्य सांसदों को धमकाने के लिए नियुक्त किया गया था। इस बीच, केजरीवाल ने अपने संबोधन में भाजपा द्वारा 'लोकतंत्र का अपहरण और हत्या' किए जाने पर चिंता व्यक्त की और पश्चिम बंगाल और असम में पार्टी की विवादास्पद जीत का उदाहरण दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अपने विरोधियों को कमजोर करने के लिए मतदाता सूची से नाम हटाने जैसी हथकंडे अपना रही है, और विशेष रूप से 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में अपनी हार का जिक्र किया।

केजरीवाल ने कहा कि वे सभी वोट रद्द कर देते हैं, और कुछ भी नहीं बचता। यही अराजकता पूरे देश में हो रही है। पश्चिम बंगाल में भाजपा ने 206 सीटें जीतकर राज्य में ऐतिहासिक जीत दर्ज की, जो 2021 के विधानसभा चुनावों में उसकी 77 सीटों की जीत से कहीं अधिक है। तृणमूल कांग्रेस, जिसने पिछले विधानसभा चुनाव में 212 सीटें जीतकर शानदार जीत हासिल की थी, 80 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रही।

# जमैका के बाद सूरीनाम पहुंचे जयशंकर, पारामारीबो में हवाई अड्डे पर हुआ गर्मजोशी से स्वागत

**पारामरिबो , एजेंसी।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर बुधवार को सूरीनाम पहुंचे, जहां उनकी वहां के शीर्ष नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय वार्ता होने वाली है। तीन कैरिबियाई देशों की यात्रा के दूसरे चरण में उन्होंने अपने समकक्ष मेल्विन बुवा से मुलाकात की, जिन्होंने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। जयशंकर ने कहा कि वह पहली बार पारामारीबो (सूरीनाम की राजधानी) पहुंचे हैं और बातचीत को लेकर उत्साहित हैं। इस दौरे का मकसद दोनों देशों के बीच सहयोग को मजबूत करना है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत और सूरीनाम के बीच खास संबंध हैं, क्योंकि वहां बड़ी संख्या में गिरमिटिया समुदाय के लोग रहते हैं। ये वे भारतीय मजदूर थे जो 19वीं सदी में अनुबंध के तहत विदेश में काम करने गए थे और बाद में वहीं बस गए। इस यात्रा के बाद जयशंकर त्रिनिदाद और टोबैगो भी जाएंगे। इससे पहले वह जमैका का दौरा कर चुके हैं, जहां कई अहम समझौते हुए और सहयोग बढ़ाने पर बातचीत हुई। भारत ने जमैका को स्वास्थ्य और आपदा राहत के तहत डायलिसिस यूनिट, मछली पकड़ने वाली नावें और जीपीएस उपकरण देने का निर्णय लिया है। यह सहायता पिछले साल आए तूफान के बाद पुनर्निर्माण में मदद के लिए दी जा रही है। जयशंकर ने जमैका में कई समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए और दोनों देशों ने डिजिटल, स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अस्थायी सीट के लिए जमैका के समर्थन और आतंकवाद के खिलाफ रुख पर एकुजटता की सराहना की। इस दौरान उन्होंने प्रवासी भारतीय समुदाय से भी मुलाकात की।

# मिशन दृष्टि सैटेलाइट लॉन्च की मुरीद हुई दुनिया: पीएम मोदी के पोस्ट पर एलन मस्क का जवाब, सफलता पर दी बधाई

**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। बंगलूरू स्थित स्पेस स्टार्टअप के मिशन दृष्टि सैटेलाइट के सफल प्रक्षेपण पर एलन मस्क ने कंपनी को बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा था कि मिशन दृष्टि भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक बड़ा मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि दुनिया के पहले ह्श्वह्लश्स्ह्र सैटेलाइट और भारत के सबसे बड़े निजी तौर पर निर्मित उपग्रह का सफल प्रक्षेपण देश के युवाओं की नवाचार और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मोदी ने लिखा कि गैलेक्सीआई का मिशन दृष्टि हमारी अंतरिक्ष यात्रा में एक बड़ी उपलब्धि है। दुनिया के पहले ऑप्टोस्टार सैटेलाइट और भारत में निजी क्षेत्र द्वारा बनाए गए सबसे बड़े उपग्रह का सफल लॉन्च युवाओं के नवाचार और राष्ट्र निर्माण के जुनून का प्रमाण है।

मिशन दृष्टि सैटेलाइट को रविवार को स्पेसएक्स के 9 रॉकेट के जरिए कैलिफोर्निया से लॉन्च किया गया। इस लॉन्च को भारत के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए बड़ी सफलता माना



जा रहा है। मिशन दृष्टि सैटेलाइट को अत्याधुनिक इमेजिंग तकनीक से लैस किया गया है। इसमें लगे हाई-टेक कैमरे और एडवांस सेंसर धरती की बेहद साफ और हाई-रेजोल्यूशन तस्वीरें लेने में सक्षम हैं। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह हर मौसम में काम कर सकता है। घने बादल, बारिश, खराब मौसम या रात का अंधेरा भी इसकी निगरानी क्षमता को प्रभावित नहीं कर पाएगा।

यह सैटेलाइट भारत की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसकी रियल-टाइम मॉनिटरिंग क्षमता के जरिए सीमाओं पर होने वाली गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा सकेगी। खासतौर पर चीन और पाकिस्तान से सटे इलाकों में किसी भी संदिग्ध हलचल का तेजी से पता लगाया जा सकेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि सैटेलाइट से मिलने वाला सटीक डेटा सेना को रणनीतिक फैसले लेने में मदद करेगा। इससे आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया देना आसान होगा और निगरानी प्रणाली पहले से अधिक प्रभावी बनेगी।